No. of Printed Pages : 4

बी.एस.के.एफ.-001

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

00595

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2014

बी.एस.के.एफ.-001 : संस्कृत में आधार पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : *सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

1. (क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं ***चार*** को शुद्ध रूप में लिखिए : 2

बाल्मीकी, स्वास्थय, परधानमंत्री, विभूशित, ऊल्का, प्रवीन ।

(ख) कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से किसी एक को चुनते हुए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 2

(i) त्वं तेन ________ गच्छ । (पथेन, पथा)

(ii) किञ्चिद् ________ वद । (अन्यद्, अन्यम्)

(iii) ________ बालकाः क्रीडन्ति । (सर्वाः, सर्वे)

(iv) ________ सूर्यः । (उदेति, उदति)

2. (क) निम्नलिखित शब्दों के निर्दिष्ट रूप लिखिए : *2*

(i) युष्मद् (पुल्लिङ्ग) चतुर्थी विभक्ति, एकवचन

(ii) एक (स्त्रीलिङ्ग) पञ्चमी विभक्ति, एकवचन

(iii) मनस् (नपुसंकलिङ्ग) सप्तमी विभक्ति, बहुवचन

(iv) हरि (पुल्लिङ्ग) तृतीया विभक्ति, द्विवचन

(ख) निम्नलिखित धातुरूपों में धातु, लकार, पुरुष एवं वचन का निर्देश कीजिए : *2*

अभूवम्, खेलिष्यथ, पठेत, जहि ।

3. निम्नलिखित पदों में धातु एवं प्रत्यय को अलग-अलग करके दिखाइए : *4*

ईक्षमाणः, पीत्वा, त्यक्तुम्, भोगः ।

4. निम्नलिखित कर्तृवाच्य के प्रयोगों का कर्मवाच्य में प्रयोग कीजिए : *4*

(i) देवदत्तः ओदनं पचति ।

(ii) राधा चित्रं पश्यति ।

(iii) अनिलः विद्यालयं गच्छति ।

(iv) सा वस्त्राणि क्षालयति ।

5. (क) निम्नलिखित पदों में सन्धि-विच्छेद कीजिए : *2*

अजन्तः, मनश्चलति, तेऽपि, पित्रर्थम् ।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** वर्णों के उच्चारण स्थान लिखिए : *2*

ट्, उ, ष्, म् ।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** पर लगभग 100 – 150 शब्दों का आलेख लिखिए : *8*

(क) नाटककार भास

(ख) चरक संहिता

(ग) काव्य-प्रयोजन

(घ) कुमारसम्भवम्

7. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 300 शब्दों में संस्कृत भाषा में निबन्ध लिखिए : *8*

(क) संस्कृतिः संस्कृतमाश्रिता

(ख) मम प्रियः नेता

(ग) जीवने समयस्य महत्ता

(घ) भ्रष्टाचारस्योन्मूलनस्य उपायाः

8. निम्नलिखित पद्य को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4*

केयूराणि न भूषयन्ति पुरुषं हारा न चन्द्रोज्ज्वलाः
न स्नानं न विलेपनं न कुसुमं नालङ्कृता मूर्द्धजाः ।
वाण्येका समलङ्करोति पुरुषं या संस्कृता धार्यते
क्षीयन्ते खलु भूषणानि सततं वाग्भूषणं भूषणम् ।।

(क) पुरुष को क्या अलङ्कृत नहीं करते ?

(ख) मनुष्य का एकमात्र अलङ्करण कौन-सा है ?

(ग) कौन-से आभूषण नष्ट हो जाते हैं ?

(घ) स्थायी आभूषण कौन-सा है ?

9. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : *4*

(क) दिवं यदि प्रार्थयसे वृथा श्रमः पितुः प्रदेशास्तव देवभूमयः ।
अथोपयन्तारमलं समाधिना न रत्नमन्विष्यति मृग्यते हि तत् ।।

(ख) काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये ।
सद्यः परनिर्वृत्तये कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे ।।

(ग) ईर्ष्यी घृणी त्वसंतुष्टः क्रोधनो नित्यशङ्कितः ।
परभाग्योपजीवी च षडेते दुःखभागिनः ।।

10. पत्र-लेखन में जिन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है उनमें से किन्हीं पाँच बातों का उल्लेख कीजिए । *6*

अथवा

निम्न बातों को आधार में रखकर संस्कृत में समाचार लिखिए :

घटना – अनधिकृत कालोनियों को बसाने के विरोध में रेज़िडेन्ट वेलफेयर सोसाइटियों ने प्रदर्शन किया ।

क्या हुआ – जनता का सम्पूर्ण सहयोग मिला और लोगों ने नेताओं की भर्त्सना की ।

कब हुआ – अप्रैल मास में

स्थान – दक्षिण दिल्ली